कार्यालय प्राचार्य, श्री नारायण प्रसाद अवस्थी शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय, रायपुर जी.ई. रोड, रायपुर -492010 (छत्तीसगढ़)

Web site-www.gacraipurcg.in E-mail- ayurvediccollege@gmail.com

Tel./ Fax No.:- 0771-2263396

क्रमांक/प्रवेश/2023/4636-37 रायपुर, दिनांक 14.11.2023

## आयुर्वेद वाचस्पति (एम.डी. आयुर्वेद) एवं आयुर्वेद धन्वंतरि (एम.एस. आयुर्वेद) त्रिवर्षीय स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु काउंसिलिंग कार्यक्रम की सूचना

**काउंसिलिंग स्थान :- शासकीय स्वशासी आयुर्वेद महाविद्यालय, जी.ई.रोड, रायपुर (छ.ग.)**

**काउंसिलिंग दिनांक :- 22.11.2023 (बुधवार) एवं 23.11.2023 (गुरूवार)**

शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय, रायपुर (छ.ग.) में संचालित आयुर्वेद वाचस्पति (एम.डी. आयुर्वेद) एवं आयुर्वेद धन्वंतरि (एम.एस. आयुर्वेद) पाठ्यक्रम **सत्र 2023-24** में प्रवेश हेतु नेशनल टेस्टिंग एजेन्सी, नई दिल्ली द्वारा आयोजित **AIA-PGET 2023** में सम्मिलित छत्तीसगढ़ के मूल निवासी अभ्यर्थियों से प्राप्त आवेदन पत्रों एवं उक्त प्रवेश परीक्षा की **ऑल इंडिया रैंक** के आधार पर विभिन्न श्रेणियों के अभ्यर्थियों की तैयार प्रावीण्यता सूची महाविद्यालय के वेबसाईट में प्रकाशित की गयी है। उक्त सूची में सम्मिलित अभ्यर्थियों को निम्नानुसार काउंसिलिंग हेतु आमंत्रित किया जाता है। अभ्यर्थी इस सूचना को ही बुलावा पत्र मानते हुये काउंसिलिंग में अवसर लेने हेतु उपस्थित हो सकते हैं।

**समय सारिणी**

| दिनांक | श्रेणी / संवर्ग | रजिस्ट्रेशन का समय | AIA-PGET-2023 प्रवेश परीक्षा की प्राप्तांक |
|---|---|---|---|
| 22.11.2023 (बुधवार) | अनारक्षित | प्रातः 09 बजे से 10 बजे तक | 307 से 217 |
| | ई.डब्ल्यू.एस. | प्रातः 10 बजे से 10:30 बजे तक | 247 से 129 |
| | अनुसूचित जनजाति | प्रातः 10:30 बजे से 11:30 बजे तक | 227 से 107 |
| 23.11.2023 (गुरूवार) | अनुसूचित जाति | प्रातः 09 बजे से 10 बजे तक | 211 से 169 |
| | अ.पि.व. | प्रातः 10 बजे से 11 बजे तक | 289 से 215 |
| | शास. सेवक (समस्त श्रेणी) | प्रातः 11 बजे से 12 बजे तक | 224 से 105 |

सभी अभ्यर्थी निम्नलिखित समस्त मूल प्रमाण पत्रों/ अंकसूचियों एवं उनकी एक सेट की स्व-अभिप्रमाणित छायाप्रति सहित काउंसिलिंग हेतु निर्धारित दिनांक, स्थान एवं समय पर उपस्थित होंवे। उपस्थित नहीं होने पर अभ्यर्थी प्रवेश का अवसर खो देंगे। काउंसिलिंग में उपस्थित होना प्रवेश की गारंटी नहीं है।

## प्रमाण–पत्रों का क्रम :–

1. AIA-PGET 2023 परीक्षा हेतु जारी एडमिट कार्ड।
2. AIA-PGET 2023 परीक्षा अंकसूची (Marksheet)।
3. 10वीं. की अंकसूची।
4. 12वीं की अंकसूची।
5. बी.ए.एम.एस. पाठ्यक्रम की समस्त परीक्षाओं की अंकसूचियां
6. इन्टर्नशिप पूर्ण करने का प्रमाण–पत्र।
7. बी.ए.एम.एस. उपाधि प्रमाण–पत्र।
8. किसी भी राज्य के शासन द्वारा मान्यता प्राप्त आयुर्वेद बोर्ड/ परिषद में जीवित पंजीयन का प्रमाण–पत्र।
9. सक्षम अधिकारी द्वारा जारी मूल निवासी प्रमाण–पत्र।
10. सक्षम अधिकारी द्वारा जारी स्थायी जाति प्रमाण पत्र। (केवल आरक्षित श्रेणी के आवेदकों के लिये।)
11. ओ.बी.सी. (अन्य पिछड़ा वर्ग) (क्रीमीलेयर को छोड़कर) के अभ्यर्थियों को **पिछले तीन वित्तीय वर्ष (2022–23, 2021–22, 2020–21)** का सक्षम अधिकारी द्वारा प्रदत्त आय प्रमाण–पत्र।
12. आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (E.W.S.) श्रेणी के अभ्यर्थियों को सक्षम अधिकारी द्वारा जारी वर्ष 2022–23 हेतु आय एवं सम्पत्ति प्रमाण–पत्र।
13. सेवारत होने की स्थिति में नियोजक संस्था द्वारा जारी प्रवेश परीक्षा में भाग लेने हेतु अनुमति पत्र।
14. यदि उपनाम परिवर्तित है तो उपनाम परिवर्तन सम्बन्धी शपथ पत्र/दस्तावेज प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
15. अन्य कोई प्रमाण–पत्र जिसका उल्लेख आवेदन में किया गया है।

**नोटः–काउंसिलिंग में भाग लेने वाले अभ्यर्थियों को शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय रायपुर द्वारा जारी प्रावीण्यता सूची में उनके नाम के रिमार्क वाले कॉलम में दर्शित की गई कमियों से संबंधित प्रमाण–पत्र को काउंसिलिंग के समय अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करना होगा।**

**शुल्क :-**

काउंसिलिंग में भाग लेने हेतु रजिस्ट्रेशन शुल्क अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थियों हेतु रू. 600/- तथा अन्य अभ्यर्थियों के लिये रू. 1000/- होगा, जो **वापसी योग्य नहीं है**। काउंसिलिंग पश्चात् प्रवेश हेतु चयनित सेवारत एवं अन्य सभी अभ्यर्थियों को नियमानुसार शासन/ महाविद्यालयीन स्वशासी समिति द्वारा निर्धारित शुल्क का नियमित रूप से भुगतान करना होगा।

अनारक्षित श्रेणी, अन्य पिछड़ा वर्ग एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (E.W.S.) के चयनित अभ्यर्थियों को रू. 20,000/- (रू. बीस हजार मात्र) की राशि सुरक्षा निधि के रूप में जमा करनी होगी। छत्तीसगढ़ के मूल निवासी अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के चयनित अभ्यर्थियों को रू. 10,000/- (रू. दस हजार मात्र) की राशि सुरक्षा निधि के रूप में जमा करनी होगी। सुरक्षा निधि के रूप में जमा की गयी राशि पाठ्यक्रम पूर्ण होने पर वापस कर दी जावेगी। इसके अतिरिक्त अनारक्षित श्रेणी, अन्य पिछड़ा वर्ग एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (E.W.S.) चयनित अभ्यर्थियों को प्रति वर्ष 30,000/- शिक्षण शुल्क एवं अन्य शुल्क रू. 7000/- तथा अनुसूचित जनजाति एवं अनुसूचित जाति श्रेणी के चयनित अभ्यर्थियों को प्रति वर्ष रू. 15,000 शिक्षण शुल्क एवं अन्य शुल्क रू. 7000/- देय होगा।

**प्राचार्य**

**शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय**

**रायपुर (छ.ग.)**